

जिसने हाल में इस खेल को खेला है वह टी20 में कोचिंग के काम के लिए बेहतर है। आशीष और राहुल दोनों मिलकर 2024 विश्व कप के लिए टीम को बनाने के लिए काम कर सकते है।
– हरभजन सिंह

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, आशीष नेहरा को टी-20 कोच बनाने की वकालत करते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — क्रिस्टियानो रोनाल्डो



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने फुटबॉलरक्रिस्टियानो रोनाल्डो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। रोनाल्डो ने भी ट्वीट करते हुए इसकी पुष्टि की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने मंगलवार रात अपने सोशल मीडिया के माध्यम से घोषणा की कि रोनाल्डो तत्काल प्रभाव से आपसी समझौते से क्लब छोड देंगे।यह घोषणा तब हुई जब पुर्तगाली स्टार ने इससे पहले कतर में चल रहे फीफा विश्व कप में पुर्तगाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना होने से ठीक पहले एक टीवी साक्षात्कार में क्लब और मुख्य कोच एरिक टेन हैग के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेदु ताएब ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

# एक और उलटफेर जापान ने पिछड़ने के बाद जर्मनी को दिया जोर का झटका



कतर, 23 नवम्बर। फीफा विश्व कप 2022 के तीसरे दिन जापान ने जर्मनी को 2-1 से हराकर एक बड़ा उलटफेर किया है। चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम पहले हाफ में एक गोल के बढ़त के साथ खेल रही थी लेकिन दूसरे हाफ के आखिरी मिनट में जापान ने बेहतरीन वापसी करते हुए मैच को पूरी तरह से पलट दिया। जापान के लिए मैच के 75वें मिनट में रित्सु दोआन और 83वें मिनट में तकुमा असानों ने 83वें मिनट में गोल दागकर जर्मनी को बड़ा झटका दे दिया। फीफा विश्व कप ग्रुप ई में जर्मनी के ऊपर जापान की ये ऐतिहासिक जीत है। मैच में जर्मनी ने पहले हाफ में शानदार शुरुआत की थी। जर्मनी लगातार जापान के गोल पोस्ट में आक्रमण करती रही और 33वें मिनट में एल्काई गुंडोअन ने पेनल्टी पर टीम के लिए पहला गोल दागा था। हालांकि इसके बाद जर्मनी की टीम मौके बनाने में नाकाम रही। इस दौरान कई बार जर्मनी के खिलाड़ियों जापानी खेमे पर दबाव बनाने की कोशिश लेकिन रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों ने विरोधी की हर कोशिश को नाकाम किया।

**दूसरे हाफ में बदला खेल**

एक गोल के बढ़त के साथ जर्मनी की टीम जब वापस लौटी तो उसकी रणनीति दूसरे हाफ में लगातार आक्रामक खेल के साथ गोल करने की थी ताकि जापान पर और अधिक दबाव दिखे। जर्मन खिलाड़ी लगभग अपने प्रयास में कामयाब होते हुए दिखे लेकिन जापानी गोलकीपर की चपलता के आगने उनकी एक ना चली। वहीं 70वें मिनट के बाद जापानी टीम को खुद को झोंक दिया और टीम के लिए पहला गोल दागकर मैच को बराबरी पर कर दिया। इसके बाद 83वें मिनट में एक और गोल के साथ जापान ने 2-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद जापान ने रक्षात्मक खेल दिखाते हुए जर्मनी को बराबरी का एक भी मौका नहीं दिया।

**दो दिन में दो एशियाई टीमों ने किया उलटफेर**

फीफा विश्व कप में लगातार दूसरे दिन भी एशियाई टीमों का प्रदर्शन धमाकेदार रहा। इससे पहले सऊदी अरब ने लियोनल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर सनसनी मचा दी। इस मैच में भी अर्जेंटीना 1-0 से आगे चल रही थी लेकिन सऊदी की टीम ने दमदार वापसी करते हुए खेल पलट दिया था। वहीं 23 नवंबर को जापान ने जर्मनी को हराकर खेल को पूरी तरह से बदल दिया।

## जर्मनी के खिलाड़ियों ने विरोध स्वरूप विश्व कप मुकाबले से पूर्व चेहरे ढके

दोहा, 23 नवंबर। जर्मनी के खिलाड़ियों ने फुटबॉल विश्व कप में टीम के पहले मैच से पूर्व तस्वीर खींचे जाने के दौरान अपने चेहरे ढक लिए जो मेजबान देश कतर में भेदभाव का विरोध करने के लिए आर्मबैंड (बांह पर पट्टी बांधना) पहनने की योजना पर फीफा के कड़े रुख की निंदा का तरीका है। जापान के खिलाफ बुधवार के मैच से पहले टीम पारंपरिक तरीके से खड़ी हुई लेकिन सभी 11 खिलाड़ियों ने अपने दाहिने हाथ से अपना मुंह ढक लिया। ऐसा लगता है कि यह जर्मनी सहित सात यूरोपीय संघों को फीफा की चेतावनी पर प्रतिक्रिया थी। फीफा ने कहा था कि समावेश और विविधता के प्रतीक के रूप में रंगीन 'वन लव' आर्मबैंड पहनने पर खिलाड़ियों को दंडित किया जाएगा। इन सात टीम के कप्तानों ने आर्मबैंड पहनने की योजना बनाई थी। कतर अपने मानवाधिकार रिकॉर्ड और समलैंगिकता को अपराध बताने वाले कानूनों के कारण समीक्षा के दायरे में रहा है। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने सोमवार को उस समय चेतावनी जारी की जबकि कुछ घंटों बाद इन सात में से पहली टीम के कप्तान को आर्मबैंड पहनकर उतरना था। फीफा ने कहा कि खिलाड़ियों को तुरंत पीला कार्ड दिखाया जाएगा।

## स्पेन ने विश्व कप में अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की, कोस्टारिका को 7-0 से रौंदा

कतर, 23 नवम्बर। स्पेन ने फुटबॉल विश्व कप के चौथे दिन कोस्टारिका के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल की। उसने ग्रुप-ई में अपने पहले मैच में कोस्टारिका को 7-0 से हरा दिया। यह विश्व कप इतिहास में उसकी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 24 जून 1998 को उसने बुल्गारिया को 6-1 से हराया था। स्पेन की टीम इस मैच को जीतने के बाद ग्रुप-ई में जापान को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गई है। यह कोस्टारिका की संयुक्त रूप से फुटबॉल इतिहास में सबसे बड़ी हार है। उसे 1975 में मैक्सिको के खिलाफ 0-7 से हार मिली थी। हालांकि, वह विश्व कप का मैच नहीं था। स्पेन के लिए मैच में पहला गोल दानी ओल्मो ने 11वें मिनट में किया। उनके बाद मार्को असेंसियो ने 21वें मिनट में दूसरा गोलकर टीम की बढ़त को दोगुनी कर दी। फेरान टोरेस ने 31वें मिनट में पेनल्टी पर अपना पहला गोल किया। इस तरह स्पेन की टीम हाफटाइम तक 3-0 से आगे थी। उसने दूसरे हाफ में अपनी आक्रमकता और ज्यादा बढ़ा दी। इस दौरान चार गोल दागे। फेरान टोरेस ने अपना दूसरा गोल 54वें मिनट में किया। यह टीम का चौथा गोल था। उनके बाद युवा स्टार गावी ने 74वें, कार्लोस सोलर ने 90वें और अल्वारो मोराट ने इंजरी टाइम (90 2वें) मिनट में गोल किया। स्पेन की टीम ग्रुप-ई में अपना दूसरा मुकाबला 28 नवंबर को जर्मनी के खिलाफ खेलेगी। वहीं, कोस्टारिका का सामना 27 नवंबर को जापान से होगा।

## जडेजा बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर, कुलदीप सेन, शाहबाज को टीम में

नयी दिल्ली, 23 नवंबर। अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा घुटने की चोट से उबरने में नाकाम रहने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बुधवार को चुनी गई टीम से बाहर हो गए। जडेजा के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए। जडेजा ने अगस्त-सितंबर में एशिया कप के बाद घुटने की सर्जरी करवाई थी और फिर अनिश्चित काल के लिए टीम से बाहर हो गए है। टीम में इन दोनों की जगह तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को शामिल किया गया है। भारत को बांग्लादेश में तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच खेलने हैं और रोहित शर्मा के नेतृत्व में मजबूत टीम पडोसी देश का दौरा करेगी। टेस्ट मैच चटगांव में 14 से 18 दिसंबर और मीरपुर में 22 से 26 दिसंबर तक खेले जायेंगे। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत की एकदिवसीय टीम: शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शारदुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, उमरान मलिक। बांग्लादेश वनडे के लिए भारत की टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अक्षर पटेल , वाशिंगटन सुंदर, शारदुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, कुलदीप सेन। पहले चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए टीम: अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत सेठ। दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए टीम: अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत शेठ, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, केएस भरत (विकेटकीपर)।

## अमेरिका के खिलाफ मैच से पहले टखने का स्कैन करवायेंगे केन

दोहा, 23 नवंबर। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन फीफा विश्व कप 2022 में अमेरिका के विरुद्ध मैच से पहले बुधवार को अपने टखने का स्कैन करवायेंगे। फीफा विश्व कप 2018 के गोल्डन बूट विजेता केन ने ईरान के विरुद्ध सोमवार को खेले गये मैच के दौरान अपने टखने का उपचार करवाया था। वह मैच के 75वें मिनट में मैदान से बाहर चले गये थे और डगआउट में टखने पर पट्टी के साथ नज़र आये थे। केन ने मंगलवार को अभ्यास किया, लेकिन सूत्रों के अनुसार बुधवार के सत्र में उन्होंने हिस्सा नहीं लिया। इंग्लैंड फुटबॉल टीम के प्रबंधक गैरेथ साउथगेट ने सोमवार के मैच के बाद कहा था, मेरे अनुसार हैरी ठीक हैं। देखने से लगा था कि टक्कर बुरी है लेकिन वह इसके बाद भी खेलते रहे।



## मोरक्को ने क्रोएशिया को ड्रॉ पर रोका

अल खोर, 23 नवंबर। विश्व रैंकिंग में 22वें नंबर की टीम मोरक्को ने गुरुवार को फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-एफ मुकाबले में 2018 की उपविजेता क्रोएशिया को ड्रॉ पर रोक दिया। अल-बैत स्टेडियम पर आज खेले गये मुकाबले के शून्य गोल पर ड्रॉ होने के बाद दोनों टीमों ने एक-एक अंक बांटा। मोरक्को विश्व कप 2018 में अपना खाता नहीं खोल सकी थी लेकिन यहां उसने क्रोएशिया से एक अंक छीन लिया। लुका मॉड्रिक की कप्तानी वाली क्रोएशिया ने इस मुकाबले में स्कोर करने के कई प्रयास किये लेकिन मोरक्को के डिफेंस ने सभी कोशिशों को असफल किया। कप्तान मॉड्रिक को 81वें मिनट और अतिरिक्त समय में फ्रीकिक मिली लेकिन वह इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सके। दूसरी ओर, ला लीगा में ओसासुना क्लब के लिये खेलने वाले अब्दे एज़लज़ूली ने दूसरे हाफ में मैदान पर आकर मोरक्को के लिये कई अवसर बनाये, हालांकि क्रोएशिया ने उनके सभी प्रयासों को विफल करते हुए उन्हें फेरबदल करने का अवसर नहीं दिया। इस ड्रॉ के साथ क्रोएशिया और मोरक्को ग्रुप-एफ में क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर आ गये हैं।

## उरूग्वे के खिलाफ विश्व कप मैच में सुरक्षा मास्क पहनकर उतर सकते है कोरिया के सोन

दोहा, 23 नवंबर। दक्षिण कोरिया विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एच के अपने पहले मैच में गुरुवार को जब उरूग्वे का सामना करने के लिए उतरेगा तो निगाहें उसके स्टार स्ट्राइकर सेन ह्यूंग मिन पर टिकी रहेंगी जो कि सुरक्षा मास्क पहनकर मैदान पर उतर सकते हैं।

सोन ने अभी तक 104 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 35 गोल किए हैं लेकिन इस स्ट्राइकर ने दो नवंबर के बाद कोई मैच नहीं खेला है क्योंकि चैंपियंस लीग के एक मैच में मार्सेली के चानसेल मबेंबा से टकराने के कारण उनकी बांयी आंख के पास फ्रैक्चर हो गया था।

पिछले सत्र में प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे सोन ने कहा कि वह सुरक्षा मास्क पहनकर उतर सकते हैं लेकिन उन्हें इस को लेकर चिंता है कि यह कितना प्रभावी हो सकता है तथा इसे पहनकर खेलने से क्या खतरे हो सकते हैं। उन्होंने कतर पहुंचने के बाद मास्क पहनकर ही अभ्यास सत्रों में भाग लिया है।

दक्षिण कोरिया की अग्रिम पंक्ति सोन की तेजी, उनके दोनों पांव से शॉट मारने की क्षमता और उनकी सटीकता पर टिकी रहेगी। उरूग्वे के स्ट्राइकर लुई सुआरेज और उनके साथी एडिनसन कवानी का यह चौथा विश्वकप होगा। सुआरेज अब तक विश्वकप में सात गोल कर चुके हैं और वह ऑस्कर मिगुएज के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से एक गोल पीछे हैं।

उरूग्वे की टीम अनुभव और युवा का मिश्रण है तथा सुआरेज और कवानी जैसे खिलाड़ी संभवत: अपना आखिरी विश्वकप खेल रहे हैं।

उसकी टीम में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं जैसे कि ऑस्कर तबरेज की जगह डिएगो अलोंसो को चुना गया है जिन्हें इस स्तर पर खेलने का बहुत कम अनुभव है। तबरेज तीन विश्व कप में खेले हैं लेकिन लगातार खराब प्रदर्शन के कारण वह इस साल के शुरू में टीम से बाहर हो गए थे। उन्होंने विश्वकप 2010 में टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

दक्षिण कोरिया और उरूग्वे इस मैच में पूरे अंक हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे क्योंकि आगे उनका मुकाबला ब्राजील जैसी मजबूत टीम से होगा जिसे खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। ग्रुप एच की चौथी टीम सर्बिया है।

## राउंड ग्लास पंजाब और राजस्थान यूनाइटेड का मुकाबला बराबरी पर छूटा

पंचकुला, 23 नवंबर। राउंड ग्लास पंजाब एफसी और राजस्थान यूनाइटेड के बीच बुधवार को यहां खेला गया आई-लीग फुटबॉल का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। डेनियल लालमपुइया ने मैच के 13वें मिनट में ही गोल कर मेजबान आरजीपीएफसी को बढ़त दिला दी। टीम जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिनग्यामर निकुंभ ने आखिरी क्षणों में गोल दाग राजस्थान यूनाइटेड के लिए एक अंक पक्का कर दिया। इस नतीजे से तीन मैचों के बाद आरजीपीएफसी के खाते में सात अंक है तो वहीं इतने ही मुकाबले में राजस्थान के नाम चार अंक है।

## पुर्तगाल और घाना के मैच में रोनाल्डो पर टिकी रहेंगी निगाहें

दोहा, 23 नवंबर। पुर्तगाल और घाना के बीच गुरुवार को यहां होने वाले मैच में सभी की निगाहें स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर टिकी होंगी जो कि अपना पांचवां और संभवत: अंतिम विश्वकप खेल रहे हैं।

यह 37 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार से बिना क्लब का है क्योंकि मैनचेस्टर यूनाइटेड ने उनका अनुबंध रद्द कर दिया है। रोनाल्डो ने यूनाइटेड के कोच एरिक टेन हैग, क्लब के मालिक और साथी खिलाड़ियों की आलोचना की थी।

रोनाल्डो के पास क्लब स्तर पर अभी कोई टीम नहीं है और ऐसे में विश्वकप में उनका प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह दिग्गज खिलाड़ी भविष्य में किस टीम से जुड़ेगा। पांच बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का चरम संभवत: बीत चुका है लेकिन जब वह अपने रंग में होते हैं तो फिर उनके सामने कोई भी टीम नहीं टिक पाती है।

रोनाल्डो ने यूनाइटेड से आपसी सहमति से नाता तोड़ने से पहले कहा था कि पुर्तगाल की तरफ से विश्वकप अभियान के दौरान उनके क्लब से जुड़े मसले उन्हें प्रभावित नहीं करेंगे। रोनाल्डो अभी तक विश्वकप नहीं जीत पाए हैं और पहली बार ट्रॉफी हासिल करना ही इस विश्वकप में उनके लिए प्रेरणा होगी। इसके अलावा किसी नये क्लब को आकर्षित करना उनके लिए बोनस जैसा होगा। पुर्तगाल का सामना पहले मैच में ही उस टीम घाना से है जो कि विश्व कप में भाग ले रही सबसे कम रैंकिंग की टीम है लेकिन उसे छुपा रुस्तम माना जा रहा है। घाना की विश्व रैंकिंग 61 है। इस ग्रुप में उरूग्वे और दक्षिण कोरिया जैसी उलटफेर करने में सक्षम टीमें भी हैं।

इसके अलावा सऊदी अरब ने लियोनेल मेसी की अगुवाई वाले अर्जेंटीना को हराकर कमजोर टीमों को यह संदेश दे दिया है कि विश्वकप में कुछ भी असंभव नहीं है और वे अपने दिन पर उलटफेर कर सकती हैं। घाना के पास थामस पार्टे और मोहम्मद कुदुस जैसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यूरोपीय क्लबों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पुर्तगाल को इन खिलाड़ियों से सतर्क रहना होगा।

## तिर्की ने पटनायक को सौंपा हॉकी विश्व कप का पहला टिकट

भुवनेश्वर 23 नवंबर। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने जनवरी 2023 में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला का पहला टिकट बुधवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के सुपुर्द किया। तिर्की ने ट्वीट किया, माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने राउरकेला और भुवनेश्वर में होने वाले एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 का पहला टिकट खरीदा। ओडिशा के मुख्यमंत्री को टिकट देकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। ओडिशा दूसरी बार पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2018 का आयोजन भी भुवनेश्वर में हुआ था। पटनायक ने तिर्की के साथ तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की से ओडिशा हॉकी विश्व कप का पहला टिकट पाकर खुशी हुई। आशा है कि दुनिया भर के प्रशंसक ओडिशा में एक और हॉकी महाकुंभ देखने के लिए तैयार हैं। कार्रवाई में हमारी टीम को खुश करने के लिए आप सभी से जुड़ने के लिए तत्पर हैं। विश्व कप 2023 का आयोजन 13 जनवरी 2023 से भुवनेश्वर और राउरकेला में होगा। भारत को इंग्लैंड, वेल्स और स्पेन के साथ पूल-डी में रखा गया है।

## गिरोड-एमबापे ने दिलाई फ्रांस को ऑस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत

अल वकराह (कतर), 23 नवंबर। ओलिवियर गिरोड और काइलन एमबापे के शानदार प्रदर्शन से फ्रांस ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान का जोरदार आगाज किया। करीम बेनजेमा की अनुपस्थिति में एमबापे ने एक गोल किया जबकि गिरोड के दो गोल में से एक गोल करने में मदद की। गिरोड ने 71वें मिनट में एमबापे के क्रॉस पर हैडर से गोल करके थियरे हेनरी के 51 गोल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। गिरोड पिछले विश्व कप में गोल करने में नाकाम रहे थे लेकिन उन्होंने 2014 में गोल किया था। फ्रांस जब शनिवार को डेनमार्क का सामना करेगा तो उनके पास हेनरी के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका होगा। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा, '' यह केवल रिकॉर्ड का पीछा करने से नहीं जुड़ा है लेकिन मैदान पर उनके प्रदर्शन से जुड़ा है। वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी है।'' गिरोड के इस गोल से तीन मिनट पहले एमबापे ने ओस्मान डेम्बेले के क्रॉस पर गोल किया था। इससे पहले क्रेग गुडविन ने नौवें मिनट में ही गोल करके फ्रांस के समर्थकों को सकते में डाल दिया था। एड्रियन रैबियोट ने 27वें मिनट में गोल करके फ्रांस को बराबरी दिलाई थी। रैबियोट ने इसके चार मिनट बाद गिरोड के पहले गोल में मदद की। फ्रांस अपने स्टार स्ट्राइकर बेनजेमा के बिना खेल रहा है जो चोटिल होने के कारण विश्वकप से बाहर हो गए थे।

## फ्रांस के लुकास हर्नांडिज चोटिल होने के कारण विश्वकप से बाहर

दोहा, 23 नवंबर। फ्रांस की 2018 की विश्व कप विजेता टीम के एक अन्य सदस्य लुकास हर्नांडिज चोटिल होने के कारण वर्तमान टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनका इस सत्र में आगे खेलने की भी संभावना नहीं है। चार साल पहले फ्रांस को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले हर्नांडिज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को अपनी टीम के पहले मैच के दौरान केवल आठ मिनट ही मैदान पर रहे और दाहिने घुटने की चोट के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ा।

फ्रांसीसी फ़ुटबॉल महासंघ के बयान में कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा,'' हमने एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी गंवा दिया है। लुकास कभी हार नहीं मानने वाला खिलाड़ी है।'' लग रहा था की हर्नांडिज का दाहिना घुटना मुड़ गया है जिसके कारण उन्हें तुरंत ही मैदान छोड़ना पड़ा। फ्रांस ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।फ्रांस की टीम पिछले कुछ समय से चोटों की समस्या से जूझ रही है।

## पुणेरी पल्टन की जयपुर पिंक पैंथर्स में जीत पर चमके असलम इनामदार

हैदराबाद, 23 नवंबर। पुणेरी पल्टन ने बुधवार को यहां प्रो कबड्डी लीग में जयपुर पिंक पैंथर्स को 39-32 से हरा दिया। पुणे की टीम के लिए असलम इनामदार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नौ अंक जुटाए। पुणे की टीम मध्यांतर तक 20-16 से आगे थी और उसने दूसरे हाफ में भी इस बढ़त को बरकरार रखा। इस जीत से पुणे की टीम ने अंक तालिक के शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत कर लिया है। टीम के 17 मैच में 64 अंक हैं। जयपुर की टीम 16 मैच में 54 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

## चमिका करूणारत्ने 1 साल के लिए निलंबित

कोलंबो, 23 नंवबर। श्रीलंका क्रिकेट ने हरफनमौला चमिका करुणारत्ने को टी20 विश्व कप के दौरान खिलाड़ियों के करार के कई नियमों का उल्लंघन करने परबुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से एक साल के लिए निलंबित कर दिया। एसएलसी की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय पैनल द्वारा की गई 'अनुशासनात्मक जांच' के बाद यह सजा सुनायी। इसके साथ ही उन पर पांच हजार डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। एसएलसी से जारी बयान के मुताबिक, करुणारत्ने के उल्लंघनों की गंभीरता को देखते हुए जांच समिति ने एसएलसी की कार्यकारी समिति से सिफारिश की है कि खिलाड़ी को कड़ी चेतावनी दी जाए कि वह आगे से ऐसा ना करे। इसके साथ ही ऐसी सजा दी जाए जिसका ज्यादा प्रभावउसके क्रिकेट करियर पर ना पड़े। ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप में इस 26 साल के खिलाड़ी ने सात मैचों में तीन विकेट चटकाए थे। उन्होंने अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को स्वीकार कर लिया।

## लैंगर ने कुछ खिलाड़ियों को कायर बताया

मेलबर्न, 23 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर ने बुधवार को मीडिया में कोचिंग को लेकर शिकायत करने वाले टीम के 'कायर' खिलाड़ियों को फटकार लगायी। लैंगर ने बैकचैट पॉडकास्ट पर कहा, सभी मेरे सामने अच्छा व्यवहार कर रहे थे, लेकिन मैं साथ ही अखबार भी पढ़ रहा था और अपने बच्चों की कसम, आधे से ज्यादा चीजों पर विश्वास करना मुश्किल है। कई पत्रकार 'सूत्र' शब्द का प्रयोग करते हैं। मैं कहता हूं कि उस शब्द को बदलकर 'कायर' कर देना चाहिये।

उल्लेखनीय है कि टी20 विश्व कप 2021 से पहले कई मीडिया रिपोर्टों में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया था कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लैंगर के कोचिंग के तरीके से नाराज हैं। उन्होंने कहा, सूत्रों का क्या मतलब होता है? या तो उन्हें किसी से कुछ परेशानी है और वे आकर इसे आपके सामने नहीं कहेंगे, या वे सिर्फ अपने एजेंडे के लिए चीजें लीक कर रहे हैं। मुझे इससे नफरत है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को 2021 में पहला टी20 विश्व कप जिताने और एशेज़ 2021 में दमदार विजय के बावजूद उनका कार्यकाल न बढ़ाया जाना उनके लिये हैरान करने वाला था। लैंगर का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों के बीच मनमुटाव बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वह ज्यादा 'भावुक' कोच नहीं थे और कई खिलाड़ियों को उन्हें समझने में भूल हुई। उन्होंने कहा कि कई मैचों में हार मिलने के बाद ड्रेसिंग रूम में उनकी खामोशी का गलत मतलब निकाला गया और ऑस्ट्रेलिया की सफलता के लिये उन्हें बेहतर परिणाम मिलने चाहिये थे।

लैंगर ने छह महीने के अनुबंध विस्तार की पेशकश के बाद फरवरी में कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ियों, स्टाफ और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड का समर्थन खोने के कारण उन्होंने अपना इस्तीफा दिया है।

## न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने गुप्टिल को केंद्रीय अनुबंध से बाहर किया

क्राइस्टचर्च, 23 नवंबर। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने अनुभवी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल के निवेदन को पूरा करते हुए उन्हें केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया है। एनज़ेडसी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। बोर्ड के अनुसार, 36 वर्षीय गप्टिल ने खुद को अनुबंध से बाहर करने का अनुरोध किया था ताकि वह अन्य जगहों पर खेलने के अवसरों का लाभ उठा सकें।

एनज़ेडसी ने यहां जारी बयान में कहा, एनजेडसी के साथ विचार-विमर्श के बाद, यह सहमति हुई कि अनुबंध से रिहाई के लिये गप्टिल के अनुरोध को तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया जाना चाहिये। केंद्रीय या घरेलू अनुबंध वाले खिलाड़ियों को टीम में चयन के लिये प्राथमिकता दिया जाना जारी रहेगा।

टी20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले गप्टिल हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप में 15-सदस्यीय स्क्वाड का हिस्सा थे, लेकिन एक भी मैच में एकादश का हिस्सा नहीं बन सके। उन्हें भारत के खिलाफ चल रही घरेलू सीरीज में टीम में शामिल नहीं किया गया।गप्टिल इस साल न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर निकलने की इच्छा जताने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले ट्रेंट बोल्ट और कॉलिन डी ग्रैंडहोमे भी ऐसा कर चुके हैं। गप्टिल ने हालांकि यह स्पष्ट किया कि वह टी20 अंतरराष्ट्रीय से सन्यास नहीं ले रहे हैं और अवसर मिलने पर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना चाहेंगे।

गप्टिल ने कहा, अपने देश के लिए खेलना एक बड़ा सम्मान रहा है, और मैं ब्लैककैप्स और एनजेडसी के भीतर उनके समर्थन के लिए सभी का आभारी हूं। लेकिन साथ ही मैं वर्तमान परिस्थितियों में अपने विकल्पों पर विचार करने की जरूरत को समझता हूं। अनुबंध से बाहर निकलने के बाद भी मैं न्यूजीलैंड के लिए उपलब्ध हूं। मेरे पास अन्य अवसरों का पता लगाने का मौका है, और मुझे अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने का भी मौका मिला है जो महत्वपूर्ण है।